प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

आप बना सकते हैं दूसरों को स्मार्ट तो बनिए इमेज कंसल्टेंट-निधि शर्मा

पंतनगर। 16 अक्टूबर 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा तीस-दिवसीय उद्यमिक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी एवं परामर्श दिया जा रहा है। इसी क्रम में 'इमेज कंसल्टेंट' विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ इमेज कंसल्टेंट व क्राफ्टइमेजिंग कम्पनी की संस्थापक, निधि शर्मा पे विद्यार्थियों को इमेज की महत्वता के बारे में जागरूक किया तथा इस क्षेत्र में अवसरों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी क्षेत्र में दूसरों को प्रभावित करने के लिए खास छवि बनाना अतिआवश्यक होता है। छवि सिर्फ पहनावे द्वारा नहीं परंतु व्यक्ति की बोल-चाल, रंग चयन, हेयर स्टाइल, बैठने-उठने के तरीके द्वारा भी आंकलन किया जाता है। कु. शर्मा ने बताया कि मुम्बई नगर में एकमात्र ऐसा इंस्टीटूयट है जो इमेज कंस्लटेंट कार्से में डिग्री प्रदान करता है। यदि आपके अंदर लोगों की स्मार्ट बनाने की कला और योग्यता है तो इमेज कंसल्टेंट के क्षेत्र में विद्यार्थी अपना करियर बना सकते हैं। इससे पूर्व गृह विज्ञान महाविद्यालय की समन्वयक, प्लेसमेंट सेल, डा. सीमा क्वात्रा ने अतिथियों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम की रूप-रेखा बतायी। कार्यक्रम का आयोजन निदेशक सेवायोजन एवं परामर्श, डा. आर.एस. जादौन एवं अधिष्ठात्री गृह विज्ञान, डा. अल्का गोयल द्वारा किया वेबिनार के आयोजन में डा. शेफाली मैसी, डा. दिव्या सिहं एवं डा. अनुपमा पाण्डे का सहयोग रहा।